

# <u>जश्न-ए-बचपन</u>

सम्माननीय सदस्यगण,

सप्रेम नमस्कार

आप सबको सूचित करते हुए हमें अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमने **14 नवंबर ,2014** को इस वर्ष **<u>"जश्न-ए-बचपन"</u>** समारोह के रुप में मनाने का फैसला किया है। इस समारोह के अंतर्गत ऑफीसर्स एण्ड फैकल्टी क्लब के सभी सदस्यों के बच्चों तथा हमारे परिवार में शामिल हुए सभी नन्हें–मुन्नों का स्वागत किया जाएगा। साथ ही, उनके लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।आपसे अनुरोध है कि दिनांक 10.11.14 तक अपने परिवार के सभी बच्चों के नाम, उम्र तथा उनकी अभिरुचियों से हमें अवगत कराने का कष्ट करें ताकि उनके स्वागत तथा उनकी अभिरुचियों के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन कर हम उसे अधिक रोचक एवं यादगार बना सकें।

हमें इस समारोह को सफल बनाने हेतु आपके बहुमूल्य सुझावों का इंतजार रहेगा। कृपया यथासमय हमें जानकारी प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि व्यवस्थागत व्यवधानों से बचा जा सके। आपके प्रत्युत्तर के उपरांत समारोह का निमंत्रण एवं कार्यक्रमों की रुपरेखा आप सभी को प्रेषित की जाएगी। शुभकामनाओं सहित,

डॉ सुप्रिया पाठक
महासचिव
ऑफीसर्स एण्ड फैकल्टी क्लब
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,
वर्धा, महाराष्ट्र